दिनांक 28.11.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने निगम भिलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 की सफलता पूर्वक क्रियान्वयन एवं बेहतर सफाई व्यवस्था के संबंध में सभी जोन के जोन आयुक्त, सहायक अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, एसबीएम के उपअभियंता, एवं विभाग प्रमुखों की बैठक लेकर सक्त निर्देश दिये गये कि भिलाई को स्वच्छता के संबंध में रैंकिंग में लाने के लिए आप सभी लोगों को सौंपे गये दायित्वों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने कार्य का निर्वहन करें तथा की गई कार्यवाही से मुझे अवगत करावें इस संबंध में एक आदेश निगम आयुक्त द्वारा जारी किया गया। निगम आयुक्त के आदेश के परिपालन में जोन 01,02,03,04,05 व 06 के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है सफाई कार्य तीनों पालियों में दिन, दोपहर, व रात्रि में भी किया जा रहा है। सफाई कार्य के अंतर्गत आकाश गंगा सुपेला पत्रकार लाईन आकाश गंगा सब्जी मण्डी शीतला तालाब, शारदा पारा, पंचमुखी हनुमान मंदिर, कोसानगर, जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, नंदनी रोड, शीतला काम्पलेक्स, स्टेशन मरोदा रोड, नेवई, रुआंबाधा संतोषीपारा, सहित अन्य स्थानों पर सफाई कर्मचारियों के द्वारा तीनों पालियों में सफाई कार्य किया जा रहा है एवं एकत्रित कचरे को ट्रक के माध्यम से निर्धारित स्थल पर पहुंचाया जा रहा है। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी अपने सफाई अमला के साथ आज विभिन्न वार्डों में निरीक्षण कर आम नागरिकों से भेंट करते हुए उनसे अपील की गई कि घर से निकलने वाले गीले व सुखे कचरे को निर्धारित अलग–अलग डस्टबीन में ही रखकर सफाई मित्रों (रिक्शा) को देवें तथा स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी देते हुए सफाई बनाये रखने का आग्रह किया गया साथ ही सभी स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया कि वे स्वच्छता एप्प के संबंध में आम नागरिकों को जानकारी देवें एवं अपने–अपने क्षेत्र पर निरंतर भ्रमण करें और प्रतिदिन की गई सफाई व्यवस्था के संबंध में निगम आयुक्त एवं मुझे प्रतिदिन अवगत करावें।

जनसम्पर्क अधिकारी